**खास-खबरें**

## 500 से अधिक हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की स्त्री रोग विशेषज्ञों ने की स्वास्थ्य जाँच



**खण्डवा ।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत् मातृ मृत्यु दर में कमी लाने व गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को जिले के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर स्त्री रोग विशेषज्ञ व चिकित्सको द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच कर उपचार किया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. डी. बाकोरिया ने बताया कि जिलें की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में कुल 573 से अधिक हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की चिकित्सको द्वारा आवश्यक जाँच कर परामर्श दिया गया। जांच के दौरान जटिलताओं को देखते हुए हाईरिस्क गर्भवति महिलाओं की सोनोग्राफी की व्यवस्था भी की गई। उन्होंने बताया कि ऐसी गर्भवती महिलाएं जो कि एनिमिया, उच्च रक्तचाप, शुगर, पूर्व सिजेरियन प्रसव, जुड़वा बच्चें, गर्भ में उल्टा बच्चा, पूर्व में गर्भपात, पूर्व में जन्में शिशु में जन्मजात विकृति, कम वजन व 35 वर्ष से अधिक उम्र में गर्भधारण होना तथा टीबी, गुरदे, हदय रोग, मलेरिया, एचआईवी, हैपेटाइटिस बी जेसे रोगो से ग्रसित है, वे सभी हाईरिस्क की श्रेणी में आती है। डॉ. बाकोरिया ने बताया कि इस दौरान गर्भवती महिलाओं व उनके परिजनों को कुपोषण से बचाव के लिए घर पर ही उपलब्ध खाद्य पदार्थों से पोषणयुक्त भोजन बनाकर उसका सेवन करने की सलाह दी गई।

## बाल योग एवं ध्यान शिविर में बच्चों ने सीखे स्वस्थ जीवन के मंत्र

**मंडला।** कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देशन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास श्री विनोद परस्ते एवं परियोजना अधिकारी श्रीमती रेखा सैयाम के मार्गदर्शन में परियोजना नैनपुर में बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से विशेष बाल योग एवं ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को भस्त्रिका, अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम के साथ तितली आसन, वृक्षासन एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से बच्चों की मानसिक एकाग्रता, स्मरण शक्ति, शारीरिक संतुलन और लचीलापन बढ़ता है। साथ ही भस्त्रिका प्राणायाम शरीर में ऊर्जा का संचार कर तनाव कम करने में सहायक होता है तथा नियमित योग से रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है।

### विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक, गणवेश एवं अन्य आवश्यक सामग्री समय पर उपलब्ध कराई जाए

# विस्थापित परिवारों को समयबद्ध मिले सभी लाभ, उद्योगों में प्राथमिकता से मिले रोजगार : प्रभारी मंत्री

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सिंगरौली :** मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की मंत्री एवं सिंगरौली जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने कहा है कि विस्थापन से प्रभावित प्रत्येक परिवार को निर्धारित समय-सीमा में पुनर्वास एवं विस्थापन संबंधी सभी लाभ उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

साथ ही जिले में संचालित औद्योगिक कंपनियों में विस्थापितों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय एवं ट्रॉमा सेंटर में आने वाले मरीजों को गुमराह कर निजी अस्पतालों में ले जाने वाले निजी एम्बुलेंस चालकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए। प्रभारी मंत्री श्रीमती उईके कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित अंतरविभागीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर श्री गौरव बैनल ने प्रभारी मंत्री सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए विभिन्न विभागों के एजेंडा बिंदुओं की जानकारी दी। बैठक में राज्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती राधा सिंह, सांसद डॉ. राजेश मिश्र, सिंगरौली विधायक श्री रामनिवास शाह, देवसर विधायक श्री राजेंद्र मेश्राम, सिहावल



विधायक श्री विश्वामित्र पाठक, नगर निगम महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल, नगर निगम अध्यक्ष श्री देवेश पाण्डेय, वन मंडलाधिकारी श्री अखिल बंसल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री सुन्दर लाल शाह, अध्यक्ष नगर परिषद बगरवा प्रमिला बर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंह, उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (डीएमएफ) की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से स्वीकृत पुराने निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराया जाए। इसके बाद ही नए निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी जाए। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं विद्युतीकरण जैसे उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण परियोजनाएं तैयार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जर्जर विद्यालय भवनों का समय पर सुधार कराया जाए तथा विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक, गणवेश एवं अन्य आवश्यक सामग्री समय पर उपलब्ध कराई जाए।

स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक उपकरण, चिकित्सकों की उपलब्धता तथा स्वच्छता की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान सिंगरौली विधायक श्री रामनिवास शाह ने शॉपिंग प्लाजा से विस्थापित व्यापारियों की समस्या उठाते हुए बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व व्यापारियों को स्थानांतरित किए जाने के बाद भी न तो नई दुकानें आवंटित की गईं और न ही प्लाजा का निर्माण पूरा हुआ है, जिससे उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है। उन्होंने नगर क्षेत्र की सड़कों, नालियों एवं स्ट्रीट लाइट की समस्याओं की ओर भी ध्यान आकर्षित कराया। इस पर प्रभारी मंत्री ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि 10 दिवस के भीतर शॉपिंग प्लाजा का संस्थागत परीक्षण कराकर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए, ताकि व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जा सके। साथ ही निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाले संविदाकारों को ब्लैकलिस्ट कर अनुबंध के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

स्मार्ट सिटी एवं नगरीय विकास की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि शहर के आधारभूत अधोसंरचना विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं तथा प्रस्तावित बायपास सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने सभी विभागों को केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में उन्होंने प्रत्येक विकासखंड में पंचायत क्लस्टर बनाकर नियमित स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने, नि:शुल्क जांच एवं दवा वितरण सुनिश्चित करने, सभी पीएचसी एवं विकासखंड स्तर पर चिकित्सकों की पदस्थापना करने, जिला चिकित्सालय में ऑर्थोपेडिक सर्जरी हेतु ऑपरेशन थिएटर की व्यवस्था विकसित करने तथा ब्लड बैंक की स्थापना एवं संचालन शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में उत्साहपूर्वक मनाया गया कारगिल विजय दिवस

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीधी :** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी में रविवार को कारगिल विजय दिवस देशभक्ति एवं राष्ट्रभक्ति के उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रभाकर सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं प्राध्यापकगण की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, एनसीसी कैडेट्स एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए कारगिल युद्ध के अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं कारगिल के वीर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात सभी उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन रखकर मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

अपने उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. प्रभाकर सिंह ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य, पराक्रम एवं राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को अपने जीवन का आधार बनाने तथा विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने कारगिल युद्ध की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, ऑपरेशन विजय की सफलता तथा भारतीय सैनिकों के अद्वितीय शौर्य और बलिदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कारगिल के वीरों का पराक्रम आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा और राष्ट्रसेवा की भावना को निरंतर सुदृढ़ करता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया, जिससे विद्यार्थियों को युद्ध के इतिहास, भारतीय सेना के साहस और विजय गाथा की विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। साथ ही देशभक्ति गीतों एवं प्रेरक विचारों के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना का संचार किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 'एक पेड़ शहीद के नाम' अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

एनसीसी कैडेट्स ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए पौधारोपण एवं अन्य गतिविधियों में सक्रिय योगदान दिया।

## गायत्री मंदिर में एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**नईदुनिया प्रतिनिधि, गाडरवारा :** विगत दिवस जिला समन्वय समिति नरसिंहपुर का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह गोष्ठी कार्यक्रम गायत्री शक्तिपीठ गाडरवारा में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में जिले भर से आये गायत्री परिजनों द्वारा अपनी अपनी तहसील स्तरीय गतिविधियों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

प्रशिक्षक के रूप में उपजोन प्रभारी नरेश तिवारी जबलपुर,प्रांतीय युवा मंडल प्रभारी प्रकाश सेन, थम्मन सिंह शर्मा मुख्य प्रबंध ट्रस्टी नरसिंहपुर, उपजोन प्रशिक्षण प्रभारी वृन्दावन पटेल द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।अंत में सभी



तहसील समन्वयकों को आगामी तीन माह के लिए मिशन से जुड़ी गतिविधियों यथा गृहे गृहे गायत्री यज्ञ, वृक्ष गंगा अभियान, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, साधना व स्वाध्याय, माता भगवती देवी जन्म शताब्दी वर्ष के आयोजन एवं शांतिकुंज में संचालित प्रशिक्षणों में सहभागिता के संकल्प निर्धारित किये गये। प्रशिक्षण में नरसिंहपुर,करेली, तेंदूखेड़ा, गोटेगांव, गाडरवारा से तहसील स्तरीय समंवय समिति सदस्यों के अलावा सुरेन्द्र सिंह राजपूत एडवोकेट, जिला समन्वयक रामकुमार ठाकुर, आर एस शर्मा, वीरेन्द्र पटेल,यशपाल राजपूत,तह समन्वयक गीता प्रसाद कौरव, श्रीमती राजकुमारी कौरव करेली, गोविंद कौरव, भाव सिंह वर्मा, गोपाल कौरव की सहभागिता रही।

## युवाओं के साथ श्रमदान में उतरे जनपद पंचायत अध्यक्ष

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रीवा :** गंगेव /ग्राम तिवनी के ऐतिहासिक रामसागर तालाब में रविवार को स्वच्छता और जनजागरूकता का अनूठा उदाहरण देखने को मिला।

जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी के नेतृत्व में आयोजित सफाई अभियान में बड़ी संख्या में युवाओं, ग्राम के वरिष्ठजनों, छोटे-बड़े भाईयों तथा गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर तालाब परिसर की साफ-सफाई की अभियान के दौरान सभी ने श्रमदान कर तालाब एवं उसके आसपास फैली गंदगी को हटाया



तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर विकास तिवारी ने कहा कि गांव की स्वच्छता और जल स्रोतों का संरक्षण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं से हर रविवार नियमित रूप से सफाई अभियान चलाने का आह्वान करते हुए कहा कि जनभागीदारी से ही स्वच्छ, सुंदर और विकसित गांव का सपना साकार हो सकता है। उन्होंने कहा कि रामसागर तालाब ग्राम की अमूल्य धरोहर है, जिसकी स्वच्छता और संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। अभियान में शामिल युवाओं ने भी हर रविवार श्रमदान कर गांव के सार्वजनिक स्थलों और जल स्रोतों की साफ-सफाई जारी रखने का संकल्प लिया ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ युवाओं को सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करने का कार्य करते हैं। पूरे अभियान के दौरान उत्साह का माहौल रहा और स्वच्छता के प्रति लोगों में विशेष जागरूकता देखने को मिली।

### कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

## ग्राम चदैनिया में हितग्राहियों से किया संवाद, समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण के दिए निर्देश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीधी :** कलेक्टर विकास मिश्रा ने रविवार को विकासखंड रामपुर नैकिन के ग्राम चदैनिया का भ्रमण कर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से संवाद कर निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा आवासों का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने की समझाइश दी।

कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना प्रत्येक पात्र परिवार को सुरक्षित एवं सम्मानजनक पक्का आवास उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने हितग्राहियों से आग्रह किया कि शासन से प्राप्त राशि का सदुपयोग करते हुए गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें, ताकि वे शीघ्र अपने नए आवास में प्रवेश कर सकें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माणाधीन आवासों की गुणवत्ता का अवलोकन किया तथा हितग्राहियों से निर्माण कार्य में आ रही कठिनाइयों के संबंध में



जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी अथवा प्रशासनिक बाधा आने पर उसका तत्काल निराकरण किया जाए। साथ ही हितग्राहियों को आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन एवं सहयोग उपलब्ध कराया जाए, जिससे आवास निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब न हो।

कलेक्टर ने अधिकारियों को नियमित रूप से निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग करने तथा अपूर्ण आवासों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी अजय शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजीव तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### हरियाली का संकल्पः गूंजा वृक्ष लगाओ, पर्यावरण बचाओ का संदेश

**शहडोल।** पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में एकादशी के पावन अवसर पर पुराना बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर परिसर हरियाली की नई सौगात का साक्षी बना। वृक्ष लगाओ, पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत फलदार एवं फूलों के पौधों का रोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडे ने शमी का पौधा रोपकर की। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित नहीं रखते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य की नींव भी तैयार करते हैं।

उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल का संकल्प लेने की अपील की। इस अवसर पर समाजसेवी मृगेंद्र पाठक, संतोष चौबे, हनुमान मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित त्रिभुवनदास, राघवेन्द्र शुक्ला नवांकुर संस्था (भुवनेश्वरी शिक्षा समिति, शहडोल), सनत त्रिपाठी, जितेंद्र सिंह एवं रवि मिश्रा ने भी अलग-अलग फलदार एवं छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दिया।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
www.pmfby.gov.in
UIN:IRDAN126RP0001V01201617
खरीफ-2026
फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ
CROP INSURANCE MONTH 1st-31st July, 2026 PMFBY
भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित
खरीफ मौसम हेतु अधिसूचित फसलें : धान सिंचित, धान असिंचित, सोयाबीन, मक्का, बाजरा, अरहर/ तुअर, ज्वार, कोदो-कुटकी, मूगंफली, तिल, कपास, मूंग एवं उडद



वित्तीय संस्थाओं व कृषकों के लिए मुख्य बिन्दु :
° सभी कृषकों का बीमा कवरेज भारत सरकार के पोर्टल **pmfby.gov.in** द्वारा ही स्वीकृत होगी |
° प्रीमियम राशि केवल **NCIP-Portal** के भुगतान गेटवे **Pay-Gov.** द्वारा ही भेजी जाए |
° सभी कृषकों का आधार नंबर होना अनिवार्य है |
व्हॉटस्अप पर हमसे जुड़े
पीएमएफ़बीवाई चैट बॉट 7065514447
किसान द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का मात्र 2%
बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31/07/2026



आवश्यक प्रपत्र :
आधार कार्ड
बैंक पासबुक की छायाप्रति
भूमि संबंधित दस्तावेज (खतौनी)
फसल बुवाई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने का स्वघोषणा पत्र
बीमा करवाने हेतु संपर्क करें :
बैंक की किसी निकटस्थ शाखा/सहकारी समिति (जहां उनका बचत खाता है)
ग्राहक सेवा केन्द्र/ कॉमन सर्विस सेंटर (CSC)
फसल बीमा पोर्टल (www.pmfby.gov.in) पर ऑनलाइन
क्रॉप इंश्योरेंस एप (Crop Insurance App)
ए.आई.सी. के प्रतिनिधि/कार्यालय अथवा अधिकृत इन्टरमीडियरीज
शिकायत के मामले में शिकायत निवारण के लिए एआईसी. के वेबसाइट: https://www.aicofindia.com/grievance-redressal के माध्यम से शिकायत ऑनलाइन पंजीकृत की जा सकती है।
HO/26-27/1A/11
AIC
एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी ऑफ इंडिया लिमिटेड
क्षेत्रीय कार्यालय : जीवन शिखा, केंद्रीय आंचलिक कार्यालय, 60-बी, प्रथम तल, उत्तर विंग, होशंगाबाद रोड, भोपाल - 462011, फोन : 0755 - 2676695, ई-मेल : ro.bhopal@aicofindia.com
पंजीकृत कार्यालयः प्लेट बी और सी, 5वीं मंजिल, ब्लॉक 1, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली-110023.
सीआईएनः U74999DL2002PLC118123 आई.आर.डी.ए. पंजीकरण सं. 126
aicofindialtd aicofindia aicofindia aicofindialtd aicofindialtd
कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन 14447
बीमा आग्रह की विषय वस्तु है।
Website : www.aicofindia.com
फसल हो या कृषि संपदा। बीमा सुरक्षा हमारा वादा ।।
विज्ञापन मात्र (नियम एवं शर्तें लागू)

**स्पेशल खबर**

### पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में शिक्षा, नवाचार और अधोसंरचना विकास पर हुई व्यापक समीक्षा

## कलेक्टर ने कहा- विकसित भारत के निर्माण में विद्यार्थी और शिक्षक निभाएं अग्रणी भूमिका

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीधी :** कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में 25 जुलाई को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, सीधी में विद्यालय प्रबंध समिति एवं जिला स्तरीय मेस समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (जेएनवीएसटी) की तैयारियों, पीएम श्री योजना के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, आधारभूत अधोसंरचना, पेयजल, विद्युत, इंटरनेट, सुरक्षा व्यवस्था, छात्रावास संचालन तथा विद्यालय के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने कहा कि पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय प्रतिभाओं को तराशने का महत्वपूर्ण संस्थान है। यहां विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आधुनिक सुविधाएं



उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विद्यालय में पेयजल, इंटरनेट एवं विद्युत व्यवस्था से संबंधित समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं अन्य गतिविधियां निर्बाध रूप से संचालित हो सकें।

बैठक में खेल मैदान के उन्नयन एवं अन्य आवश्यक अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों के लिए जिला खनिज प्रतिष्ठान (डीएमएफ) मद से आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने पर भी सहमति व्यक्त की गई।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विज्ञान एवं नवाचार आधारित आकर्षक मॉडलों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा, वैज्ञानिक सोच एवं रचनात्मकता की सराहना करते हुए जिला स्तरीय कार्यक्रमों में प्रदर्शित किए जाने हेतु चार उत्कृष्ट मॉडलों को और विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे नवाचार विद्यार्थियों की प्रतिभा को नई पहचान दिलाने के साथ-साथ जिले का गौरव भी बढ़ाते हैं।

बैठक के उपरांत कलेक्टर ने विद्यालय के सभागार में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत का संकल्प तभी साकार होगा, जब हमारे विद्यार्थी ज्ञान, नवाचार, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के मूल्यों के साथ आगे बढ़ेंगे।

उन्होंने शिक्षकों का आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों में जिज्ञासा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करें, वहीं विद्यार्थियों से पूरी लगन, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य प्राप्त करने का आग्रह किया। कलेक्टर ने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थी देश की अमूल्य प्रतिभा हैं। उन्हें उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए शिक्षा, खेल, विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहिए।